# वाक्यों की शुद्ध वर्तनी (Correction of Incorrect Sentences)

## वाक्यगत अशुद्धियाँ

### 1. .क्रम संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| बड़ों ने जो निर्णय लिया वह सभी को मान्य था। | बड़ों का निर्णय सभी को मान्य था। |
| जहाज के डूबते ही कप्तान नीचे कूद पड़ा। | कप्तान डूबते जहाज से कूद पड़ा। |
| गाँधीजी का देश सदा आभारी रहेगा। | देश गाँधीजी का सदा आभारी रहेगा। |

### 2. संज्ञा संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| यह रास्ते दिल्ली जाते है। | यह रास्ता दिल्ली जाता है। |
| माँ ने तीस रुपया दिए। | माँ ने तीस रुपए दिए। |
| पिताजी ने मेरी हिंदी की ग्रन्थ पढ़ी | पिताजी ने मेरी हिंदी की पुस्तक पढ़ी। |

### 3.लिंग संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| अध्यापक पढ़ा रही हैं। | अध्यापक पढ़ा रहे हैं। |
| तुम्हारा किताब गिर गया। | तुम्हारी किताब गिर गई। |
| मेरे पिताजी कोलकता जाएँगी। | मेरे पिताजी कोलकता जाएँगे। |

### 4.वचन-संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| स्टेशन पर बहुत लोग बैठा है। | स्टेशन पर बहुत लोग बैठे हैं। |
| आवाज़ सुनकर सारा कुत्ता भौंकने लगे। | आवाज़ सुनकर सारे कुत्ते भौंकने लगे। |
| पिताजी बाज़ार जाएगा। | पिताजी बाज़ार जाएँगे। |

5.विभक्ति-संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
| --- | --- |
| सात बजने को दस मिनट है। | सात बजने में दस मिनट है। |
| उस यह काम नहीं किया हूँ। | उसने यह काम नहीं किया है। |
| वह देर में सोकर उठता है। | वह देर से सोकर उठता है। |

6.सर्वनाम की अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
| --- | --- |
| यह नहीं वे पुस्तक चाहिए। | यह नहीं वह पुस्तक चाहिए। |
| क्या रामदार तुम्हारी मामा हैं? | क्या रामदार तुम्हारे मामा हैं? |
| उसका दोनों बहने मुंबई पहुँचीं। | उसकी दोनों बहने मुंबई पहुँचीं। |

7.विशेषण-संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
| --- | --- |
| सीमा धर्म विचारों की लड़की है। | सीमा धार्मिक विचारों की लड़की है। |
| जय कड़वा दवाई पी गया। | जय कड़वी दवाई पी गया। |
| यह कुरसी बहुत आराम है। | यह कुरसी बहुत आरामदायक है। |

8.क्रिया-संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
| --- | --- |
| मैं दर्शन देने आया था। | मैं दर्शन करने आया था। |
| यह काम जल्दी-जल्दी करियो। | यह काम जल्दी-जल्दी करना। |
| तुम क्या काम करता है? | तुम क्या काम करते हो? |

9.मुहावरे-संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| हवाई किले ही उड़ाते रहोगे या अब अभ्यास भी करोगे। | हवाई किले ही बनाते रहोगे या अब अभ्यास भी करोगे। |
| चाचा जी के निधन का समाचार पाते ही उसके हाथों से तोते उड़ गए। | चाचा जी के निधन का समाचार पाते ही उसके हाथों के तोते उड़ गए। |
| रोहन ने तो पिताजी की आशाओं पर पानी गिरा दिया। | रोहन ने तो पिताजी की आशाओं पर पानी फेर दिया। |

10.क्रिया-विशेषण-संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| मोटा सेठ बड़ा खाता है। | मोटा सेठ बहुत खाता है। |
| सारी रात भर मैं पढ़ता रहा। | मैं सारी रात पढ़ता रहा। |
| इस गाँव में सर्वस्व शांति है। | इस गाँव में सर्वत्र शांति है। |

11. पुनरुकति संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| राजीव मेरा परम प्रिय स्नेही है। | राजीव मेरा परम मित्र है। |
| दास लौटकर वापस नहीं आया। | दास लौटकर नहीं आया। |
| मेघ पानी बरसाते हैं। | मेघ बरसते हैं। |